## एक नजर

### पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादनगर पुलिस छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। था में क्षेत्र के एक गांव की युवती से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें देवेन्द्र पुत्र मंगल सैन निवासी ग्राम मझरा अताईनगर को आरोपी बनाया गया था। पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 376 की वृद्धि की गई। बुधवार को आरोपी देवेन्द्र को धमौरा कट से गिरफ्तार कर लिया।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गंज पुलिस ने मोहल्ला शीशे वाली मस्जिद में पानी की टंकी के पास खाली मैदान में ताश के पत्तो से जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते 7060 रुपये फड़ के व 2900 रुपये जामा तालाशी ) कुल 9960 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी बिट्टू सागर, राकेश, सूरज कुमार, अंशू कुमार, छोटे लाल हैं।



कुंदरकी से अयोध्या को रवाना होते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## रामलला के दर्शन करने को अयोध्या रवाना हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, कुंदरकी**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों से रामलला के दर्शन को अयोध्या के लिए राम भक्तों ने प्रस्थान किया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमन भूषण ने सभी राम भक्तों को पटका पहनाकर बस में बैठाया। मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि अयोध्या में राममंदिर बन गया है। अयोध्या जाने वालों में योगेश कुमार, रामपाल सिंह, अनिल कुमार शर्मा, संजय सैनी, संजय दुबे, नरेंद्र चौधरी, हरीश दिवाकर, चरन सिंह, अमरीक, गजेंद्र पाल सिंह, हरपाल सिंह, भगवानदास, सोमपाल सिंह, बृजपाल सिंह, रूपराम, सेवाराम, मुनेश, सत्य प्रकाश, रोहित गुरवेंद्र, योगेश सिंह, विजय सिंह, नितिन कुमार, राम प्रकाश, हरिद्वारी, प्यारेलाल, प्रमोद शर्मा, सतीश दिवाकर, जय सिंह, जगदीश सिंह आदि रहे।

### बुद्धि विहार में चल रहे श्रीराम कथामृत महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु, कथा व्यास ने रावण को बताया मोह का प्रतीक

# शिष्य के जीवन से अंधकार को दूर करता है गुरु : रमेश

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** बुद्धि विहार में चल रही राम कथा में बुधवार को पं. रमेश भाई ओझा ने कहा कि पत्थर से भगवान की मूर्ति तैयार करनी होती है तो मूर्ति को पत्थर में डाला नहीं जाता है। पत्थर में वह मूर्ति होती है। परंतु ढकी हुई, उसको प्रकट किया जाता है। वह शिल्पकार क्या करता है हाथ में हथौड़ा और छेनी लेकर कुशलतापूर्वक पत्थर के फालतू हिस्से को हटाता है और मूर्ति प्रकट हो जाती है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सद्गुरु क्या करते हैं, उस आवरण को हटाते हैं। जो शिष्य के ऊपर अंधकार के रूप में होता है। कहा कि कुंभकरण अहंकार का प्रतीक है क्योंकि उसने युद्ध में सेना ले जाने के लिए मना कर दिया। उसको अपने शरीर पर अहंकार था। इसी प्रकार रावण मोह का प्रतीक है और इंद्रजीत काम का प्रतीक है।



बुद्धि विहार में श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

रावण मारता था कुंभकरण खाता था और इंद्रजीत बांधता था। अच्छाई का अभिमान सबसे बड़ी बुराई है। अच्छाई के अभिमान से बचने के लिए गुरु का होना आवश्यक है। रावण के पतन का कारण था कि उसका कोई गुरु नहीं था। राम कथा में कथा व्यास ने कहा कि जब विश्वामित्र ने राम को पहली बार देखा, तब उनको लगा कि राम में कुछ तो है और कुछ विश्वास हुआ। परंतु पूर्ण रूप से विश्वास नहीं हुआ, कि यही हरि है। कथा के बाद आरती में विनीत कुमार गुप्ता, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, समस्त लोहिया परिवार और राम कथामृत महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, महामंत्री प्रवीण कुमार कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्या ओम प्रकाश सिंह, नारायण कुमार, विजय गुप्ता, विशेष गुप्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन बाबा संजीव आकांक्षी और रितु नारंग ने किया। व्यवस्था में अवधेश लोहिया, कुमकुम गुप्ता, नयन तारा गुप्ता, शिखा गुप्ता, भारती गुप्ता, अनुभव लोहिया, अनमोल लोहिया, आकर्ष लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, विवेक शर्मास, अजय नारंग, शुभम भारद्वाज, ज्ञानेंद्र शर्मा, गौरव अग्रवाल, पंकज सक्सेना आदि का सहयोग रहा।

### मनुष्य को क्रोध नहीं करना चाहिए: अर्द्धमौनी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री दुर्गा मंदिर बुधबाजार में आयोजित श्रीगीता भागवत-सत्संग में बुधवार को कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि साधना में मिलने वाले मान और बड़ाई से बचना चाहिए। कथा व्यास ने बताया कि काशी में एक ब्रह्मानंद नामक महात्मा थे। वे बड़े विनम्र थे। उनके पास बहुत लोग आए और यदि वे साधना करने बैठे हों, तो लोग उन्हें छेड़ें। एक दिन उनके एक गुरुभाई आए, सब देखा। वे उनसे बोले तू मूर्ख है। आने वालों पर गुस्सा खूब जोर से कर। उन्होंने कहा कि मुझे गुस्सा होना आता ही नहीं है। तब गुरुभाई ने कहा कि ठीक है, मैं बैठता हूं और वह पास में बैठ गए। गुरुभाई ने जहां दो-चार को डांटा तो लोगों ने कहा कि वहां न जाओ। वहां तो एक बड़ा क्रोधी साधु आ गया है। लोगों का वहां पर आना बंद हो गया। यद्यपि क्रोध नहीं करना चाहिए। मैं क्रोध का समर्थन नहीं करता हूं, परंतु यदि क्रोध बाड़ के रूप में हो तो अनुचित नहीं है। सत्संग में अंशू अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, अमला गोयल, हेमल अग्रवाल, रोहन अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, लव अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, ईशिका अग्रवाल, पवन अग्रवाल, महंत गुरविंदर सिंह, रवि टण्डन, देवांश अग्रवाल, पं. परमराज जोशी और पं. लक्ष्मी राज जोशी ने आभार व्यक्त किया।

### झूला झूल रही छात्रा के बाल रॉड पर लिपटे, घायल

**शहजादनगर (रामपुर), अमृत विचार :** शहजादनगर क्षेत्र के गांव लखनाखेड़ा में उर्स में झूला झूल रही छात्रा के बाल रॉड पर लिपट गए। जिससे वह गंभीर से रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मेले में भगदड़ मच गई। घायल छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

गांव लखनाखेड़ा स्थित बनी नूर शाह वली मियां के मजार पर सालाना उर्स तीन दिनों से चल रहा है। कमेटी ने उर्स के मेले की अवधि एक दिन और बढ़ा दी। मेले में दुकानें व झूले लगे हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पहाड़ी गेट निवासी नईम खां की बेटी हुमैरा (9) डीएमए स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा है। हुमैरा दो दिन पूर्व लखनाखेड़ा में अपने मामा के यहां उर्स में घूमने के लिए आई थी। मंगलवार रात्रि 12 बजे मेले में लगे झूले को देख बच्चे झूला झूलने की जिद करने लगे। उनके साथ हुमैरा भी झूले में बैठ गई। तभी हुमैरा के बाल झूले की घूमती हुई रॉड पर लिपट गए। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज पर झूला रोका गया। लेकिन तब तक छात्रा के सिर के बाल उखड़ गए और खाल उतर गई। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां आईसीयू में भर्ती कराया।

# व्यापारिक पूछताछ से निर्यातकों में उत्साह

### स्प्रिंग मेले में दूसरे दिन विदेशी खरीदारों के आने से बढ़ी कारोबार की उम्मीद

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट के स्प्रिंग फेयर के दूसरे दिन मुरादाबाद के स्टालों पर कारोबार बढ़ने की उम्मीद हैं। जबकि पहले दिन निर्यातकों के स्टालों पर पहुंचने वाले विदेशी खरीदारों की संख्या कम रही। लेकिन चुनिंदा गंभीर ग्राहकों के पहुंचने की बात साझा करते हुए तसल्ली जाहिर की।

यस के नेशनल जनरल सेक्रेट्री विशाल अग्रवाल ने बताया कि खरीदारों की संख्या कम होने के बावजूद अच्छी व्यापारिक पूछताछ हुई। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि गंभीर खरीदारों की संख्या अच्छी है। वहीं मेले के दूसरे दिन अमेरिका के खरीदारों का रेस्पांस सकारात्मक रहा। आईआईए के डिविजनल चेयरमैन संजय गुप्ता ने बताया कि यूरोप के कई देशों के खरीदारों का मेले में पहुंचना अच्छी उपलब्धि है। छोटे यूरोपीय देशों के ग्राहक भी बिजनेस देने के लिए गंभीर दिखाई दे रहे हैं।



आईएचजीएफ दिल्ली स्प्रिंग मेले में आयोजन समिति के लोगों से जानकारी लेते अतिथि। ● अमृत विचार

### अमेरिका के खरीदार ग्रुप टीजे मैक्स के प्रतिनिधियों ने बढ़ाया निर्यातकों का उत्साह, देखे हस्तशिल्प उत्पाद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के निर्यात कारोबार को नए आयाम मिलने की उम्मीदों के साथ एक्सपो मार्ट के स्प्रिंग फेयर में मौजूद निर्यातकों का उत्साह यहां अमेरिका के सबसे बड़े खरीदार ग्रुप टीजे मैक्स के प्रतिनिधियों को देखकर बढ़ा है। मेले की शुरूआत में ही जिन निर्यातकों के स्टाल पर टीजे मैक्स के प्रतिनिधि पहुंचे, उन्हें कोई बड़ा सपना सच होने का अहसास हुआ। निर्यातकों ने कहा कि टीजे मैक्स कंपनी की तरफ से हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने के ऑर्डर मिलना महानगर के कारोबार में बहार लाएगा। जिसका असर निर्यातकों, निर्यात इकाइयों में कार्यरत कामगारों से लेकर दस्तकारों की बेहतर आर्थिक स्थिति के रूप में दिखाई देगा।

### पेमेंट बाध्यता का मुद्दा उठा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमएसएमई के तहत निर्यातकों को सप्लायर्स का भुगतान 45 दिन के अंदर करने की बाध्यता का मुद्दा स्प्रिंग फेयर के प्लेटफार्म पर उठा। ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैद, सीओए सदस्य अवधेश अग्रवाल ने एक्सपो मार्ट पहुंचे लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा व राष्ट्रीय महासचिव ओमप्रकाश गुप्ता से भेंट की।

### श्मशान घाट निर्माण को लेकर भड़के ग्रामीण

**संवाददाता, भोट (रामपुर): अमृत विचार:** भोट थाना क्षेत्र के गांव थूनापुर के मजरा केशोनगली में भूमि खरीदकर श्मशान घाट का निर्माण कराने पर ग्रामीण और महिलाएं भड़क गईं। महिलाओं ने हंगामा किया। इस बीच कार से जा रहे ग्राम प्रधान को ग्रामीणों ने रास्ते में रोक लिया। गुस्साई महिलाओं व अन्य लोगों ने प्रधान की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। कार में तोड़फोड़ भी की। प्रधान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव थूनापुर के ग्राम प्रधान महंत रामऔतार लोधी केशोनगली के पास जंगल में करीब ढाई बीघा जमीन खरीद कर श्मशान घाट का निर्माण करा रहे हैं। बुधवार शाम छह बजे ग्राम प्रधान मजदूरों के साथ श्मशान घाट का निर्माण के लिए केशोनगली के पास ही स्थित जमीन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में निर्माण सामग्री लेकर पहुंचे थे। कुछ ही देर में तमाम ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे भी मौके पर एकत्र हो गए। वे श्मशान घाट के लिए सुरक्षित जमीन पर ही निर्माण कराने की मांग कर हंगामा करने लगे। तभी मौके से जा रहे ग्राम प्रधान को लोगों ने पुलिया के पास रोक लिया। श्मशान घाट को केशोनगली गांव के पास बनाने का विरोध किया।

## पति की हत्या में पत्नी व उसके प्रेमी पर दर्ज हुई एफआईआर

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

▸▸ डीआईजी के निर्देश पर हुई कार्रवाई, दिसंबर 2022 में हुई थी युवक की हत्या

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के रिश्तों को कलंकित करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया था। इसके बाद शव लेकर मझोला से मंडी धनौरा पहुंच गई थी। अमरोहा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। मृतक का भाई उसी समय से रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर काटता रहा है।

अमरोहा जिले के थाना मंडी धनौरा क्षेत्र में हिरनखेड़ी निवासी पीड़ित प्रेम सिंह पुत्र जयराम सिंह ने डीआईजी से शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि छोटे भाई धर्म सिंह की शादी ममता निवासी पूरनपुर नगला थाना स्योहारा बिजनौर से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ममता अपने पति धर्म सिंह को साथ लेकर मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र की एकता विहार कॉलोनी में रहने लगी थी। धर्म सिंह लोडर वाहन (छोटा हाथी) चलाता था। इसी बीच ममता के संबंध सतेंद्र निवासी रजबपुर अमरोहा से हो गए थे। अवैध संबंधों की जानकारी जब उनके भाई धर्म सिंह को हुई तो उसने विरोध किया था। इसके अलावा उन्हें (प्रेम सिंह) भी फोन पर अवैध संबंधों की जानकारी दी थी। उनके भाई ने उन्हें यह भी बताया था कि पत्नी ममता सतेंद्र सिंह के साथ मिलकर हत्या भी करा सकती है। प्रेम सिंह ने डीआईजी को बताया कि था कि इसी के बाद आठ दिसंबर 2022 को ममता ने प्रेमी के साथ मिलकर धर्म सिंह की गला दबाकर हत्या करा दी थी। फिर उसका शव लेकर गांव हिरनखेड़ी पहुंच गई थी। सूचना पर मंडी धनौरा पुलिस ने पोस्टमार्टम भी कराया था। उस समय मंडी धनौरा पुलिस ने तहरीर लेकर रख ली थी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। तभी से ममता और उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए प्रेम सिंह पुलिस के चक्कर काट रहा था। डीआईजी से शिकायत करने के बाद ही मझोला थाने में ममता और उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपों की जांच शुरू कर दी गई है।

## डी-स्लजर वाहन स्वामियों का ब्योरा मांगा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**जागरुकता**

▸▸ शौचालय से निकलने वाले कचरे को एफएसटीपी, एसटीपी इकाई में डालने के लिए किया जाएगा जागरूक

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पंचायत राज निदेशालय अब ग्राम पंचायतों में निजी व सामूहिक शौचालय का मलिन कचरा निकालने वाले डी-स्लजर वाहन स्वामियों की तलाश कर रहा है। जिसके लिए पंचायत सचिवों को लगाया गया है। पंचायत राज विभाग को डी-स्लजर वाहन स्वामी व वाहन से संबंधित जानकारी एकत्र कर निदेशालय भेजनी है। साथ ही डी-स्लजर वाहन स्वामियों को सही जगह कचरा डालने के लिए जागरूक किया जाएगा।

पंचायत सचिव स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में फैलने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्य कर रहे है। जारी निर्देश में सेप्टिक टैंक खाली करने वाले डी-स्लजर वाहन स्वामी शौचालयों से मलिन कचरा निकाल कर गांव के पास ही जंगल और नदी, नालों में डाल रहे हैं। जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलने का खतरा है। इससे स्वच्छ भारत मिशन के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। निदेशालय ने डी-स्लजर को टैंक खाली कर नगर विकास के द्वारा बनाए गए फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी), सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में ट्रीटमेंट के लिए डालने के निर्देश दिए थे। लेकिन, डी-स्लजर वाहन स्वामियों की मनमानी जारी है। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि केंद्र सरकार के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए निदेशालय के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिवों को लगाया गया है। निजी व सामूहिक शौचालय के मलिन कचरा निकालने वाले डी-स्लजर वाहन स्वामियों को तलाश कर उनके फोन नंबर और वाहन नंबर व कंपनी का डेटा एकत्र कराना है। पंचायत राज विभाग को यह डेटा 15 फरवरी तक निदेशालय भेजना है। गांवों में पंचायत सचिवों द्वारा कैंप लगाकर डी- स्लजर टैंक का कचरा एफएसटीपी, एसटीपी इकाई में ट्रीटमेंट के लिए डालने को लेकर जागरूक करना है। ऐसा न करने वाले डी-स्लजर वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की सुनिश्चित की जाएगी।

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रामपाल द्वार के पास कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई। इस हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार लेकर भागने लगा। लेकिन इस दौरान जाम लगने से लोगों ने चालक और कार को घेर लिया और उसे पीटा। इसके बाद चालक मौका देखकर फरार हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नगर के काशीराम कॉलोनी निवासी नासिर पुत्र अब्दुल मजीद ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। बुधवार दोपहर तीन बजे रामपाल द्वार के निकट स्विफ्ट कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गई और चालक नासिर घायल हो गया। कार चालक को लोगों ने जाम लगने के कारण दबोच लिया और पीट दिया। किसी तरह लोगों ने कार चालक को छुड़ाया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**वीडियो बनाया**

▸▸ मारपीट से युवती का हुआ गर्भपात, पीड़िता ने की शिकायत

▸▸ एसपी देहात ने मूंढापांडे थानाध्यक्ष को दिए कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार:** उत्तराखंड की युवती ने मूंढापांडे क्षेत्र के युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, फिर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार संबंध बनाए। गर्भवती होने पर युवती युवक के घर पहुंची तो परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के सामने पेश होकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उधमसिंह नगर के काशीपुर थाना क्षेत्र की युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी जान-पहचान 10 साल पहले हुई थी। मूंढापांडे थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक अपनी नानी के यहां आया था, उसी दरौन उसकी पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद उसकी आरोपी से लगातार फोन पर बात होती रही। आरोप है कि वर्ष 2014 के दौरान वह आरोपी के झांसे में आ गई और उसके कहने पर मुरादाबाद आई थी। उसने एक होटल में उसके साथ प्यार-मुहब्बत व शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे। उस समय उसने वीडियो बना ली थी। जिसे वह वायरल करने की धमकी देकर कुछ समय बाद आरोपी उसे हरिद्वार ले गया। वहां अलग-अलग होटलों में उसके साथ कई रातें गुजारीं। युवती ने बताया कि 15 अप्रैल 2023 को मेडिकल परीक्षण में डॉक्टरों ने उसे डेढ़ महीने का गर्भवती होना बताया था। जिस पर वह मूंढापांडे आकर आरोपी के घर पहुंची थी। जिस पर आरोपी ने उससे कहा कि विवाह से पहले बच्चे का जन्म होना उचित नहीं है। युवती गर्भपात कराने का विरोध किया तो आरोपी के घरवालों ने उसके साथ मारपीट की। पेट पर लात घूंसों के वार से उसका गर्भपात हो गया। युवती के मुताबिक, विवाद के बाद आरोपी व उसके परिवार वालों ने उससे कहा कि शादी में कार व पांच लाख रुपये अपने पिता से दिलाओ तो वह विवाह कर लेगा। युवती का कहना है कि इस शर्त से पहले भी वह आरोपी को अपने पिता से पांच लाख रुपये दिला चुकी है। उधर, इस मामले में एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### दो पासपोर्ट मामले में दो गवाहों ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार:** सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बुधवार को गवाहों के बयान दर्ज हुए। अब इस मामले की सुनवाई नौ फरवरी को होगी।

अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाए हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है।अब बचाव पक्ष को गवाह पेश करने हैं। पिछली तारीख पर अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने 29 गवाहों की सूची सौंपी थी। जिसमे बुधवार को दो गवाहों के बयान दर्ज हुए। अब इस मामले में नौ फरवरी को सुनवाई होना है।




रमाबाई आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## रमाबाई आंबेडकर को याद किया

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार:** बुधवार को सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय आंबेडकर युवक संघ के तत्वाधान में त्याग की देवी माता रमाबाई आंबेडकर की 127वीं जयंती श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुआ कहा कि माता रमाबाई ने परछाई की तरह बाबा साहब का साथ दिया। माता रमाबाई के त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी महान सफलता में माता रमाबाई का अभूतपूर्व योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि त्याग तपस्या और बलिदान माता रमाबाई की तीन पहचान। इस मौके पर जयप्रकाश सिंह, चंद्र लाल गौतम, हरपाल सिंह बौद्ध, नेतराम सिंह, रमेश बिश्नोई और राजू सागर शामिल रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की मौत

**मसवासी, अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह 31 जनवरी को हादसे में घायल हुआ था।

नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी संजय मीना की बाइक में करीमपुर गांव के निकट अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था।

मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह घायल को बाजपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया था। बताते हैं कि हल्द्वानी से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर संजय को बरेली के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## पुलिस चौकी तक किया पीछा जान से मारने की दी धमकी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर दो वाहन आपस में मामूली रूप से टकरा गए। जिस पर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। कार सवार युवकों ने दबंगई दिखाते हुए दूसरी कार का पीछा किया और सरेराह दूसरे पक्ष से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कार सवार युवक ने पुलिस चौकी में घुसकर किसी तरह जान बचाई। पुलिस ने कार सवार तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पीड़ित सुनील कुमार वाल्मीकि कांशीराम नगर के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि 20 जनवरी को वह कार से कांशीराम नगर से घर जा रहे थे। इसी बीच उनकी कार में दूसरी कार ने टक्कर मार दी थी। इस पर दूसरी कार में सवार लोगों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया था। खुलेआम गाली-गलौज करने लगे। बुद्धा पार्क पहुंचने पर कार सवार लोगों ने उन्हें मारने की कोशिश की। हालात बिगड़ते देख अपने को बचाने के लिए उसने पुलिस चौकी के अंदर घुसकर बचाई थी। पुलिस ने कार सवार लोगों को डांट-डपटकर भगा दिया था। साथ ही पुलिस कर्मियों ने सुनील का पीछा करने वालों को दोबारा गलती करने पर रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी थी। इसके बाद भी कार सवार लोग लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मंगलवार रात मझोला थाने में राहुल शर्मा, गीत व एक अज्ञात निवासी सम्राट अशोक नगर के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### सील तोड़कर अस्पताल चलाने पर रिपोर्ट दर्ज

**सैफनी, अमृत विचार:** बिना आदेश के सील तोड़कर क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप के खिलाफ नोडल अधिकारी ने मामला दर्ज करा दिया है।

नगर के छितौनी मार्ग स्थित डेंटल क्लिनिक के संचालित होने की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की जा रही थी। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने झोलाछाप के अशरफी डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया था। कार्रवाई के अगले दिन झोलाछाप ने बिना किसी आदेश के दुकान में लगी सील को तोड़कर उपचार शुरू कर दिया। शिकायत मिली तो बुधवार को नोडल अधिकारी ने अपनी टीम के साथ झोलाछाप के डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही झोलाछाप सलीम अहमद के खिलाफ मामला भी दर्ज करा दिया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि दो फरवरी को अस्पताल सील किया गया था।

## जमीन की खरीदारी में पूर्व प्रधान के साथ धोखाधड़ी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** चकबेगमपुर के पूर्व प्रधान ने बुधवार को कटघर थाने में प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी, मारपीट और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोजपुर थानाक्षेत्र के चकबेगमपुर गांव निवासी महेन्द्र कुमार ने बताया कि वह गांव का पूर्व प्रधान है। उनकी जान-पहचान राकेश चंद यादव निवासी डिलरा रायपुर व हरेन्द्र कुमार निवासी नाजरपुर के साथ थी। आरोप है कि दिसंबर 2019 में दोनों ने कटघर में दो प्लाट दिखाए थे। आरोपियों ने बातचीत के बाद 40 लाख रुपये में दोनों प्लॉट का सौदा कर लिया था। जिसमें 7.65 लाख रुपये बयाना के रूप में ले लिया था, लेकिन कोविड के दौरान लॉकडाउन लगने के कारण वह प्लॉट का बैनामा नहीं करा सके थे। लॉकडाउन खत्म होने के बाद जब आरोपियों से प्लॉट का बैनामा करने के लिए कहा तो वह टाल-मटोल करने लगे थे। इस दौरान पता चला कि वह दोनों प्लॉट आरोपियों के नाम पर ही नहीं हैं। रुपये मांगने पर आरोपियों ने मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। परेशान पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। सीजेएम कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए थे। कटघर थाना प्रभारी तेजवीर सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है।

## एक नजर



बैठक में बोलते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया। ● अमृत विचार

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की अपील

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। आगामी दिनों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमरोहा आएगी। इसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ संवाद हुआ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व जिला प्रभारी अनीस विशाल अंसारी ने कहा कि कुछ ही दिनों में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगर में आएगी। यात्रा को सफल बनाना प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि न्याय यात्रा को लेकर तैयारी चल रही है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष और संचालन शहर अध्यक्ष ने किया। इस अवसर पर सुखराज चौधरी, तारिक मोहम्मद खां, शमीम, अय्यूब, राजकुमार अरुण, अकबर हुसैन, मयंक आदि मौजूद रहे।

# सभी मतदान केंद्रों में पूरी करें मूलभूत सुविधाएं

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी प्रकार कमी नहीं रहनी चाहिए। मतदेय स्थल तक जाने वाला रास्ता, प्रकाश व्यवस्था और शौचालय ठीक होने चाहिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट के निरीक्षण के बाद रिपोर्ट में पाई गई कमी को दूर करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन की प्राथमिकता को देखते हुए कार्य करें। इसमें की गई लापरवाही में सुधार का कोई मौका नहीं होगा। जिले के सभी मतदेय स्थलों में मूलभूत सुविधाएं



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

पूर्ण कर लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण के दी गई सूची में जो कमी हैं उन्हें अधिकारी पहले से ही दूर लें। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को सभी मतदेय स्थलों में फर्नीचर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता विद्युत को मतदेय स्थलों में बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि जिन मतदेय स्थलों में कनेक्शन नहीं है, वहां कनेक्शन कराकर सप्लाई दें। इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी को शौचालयों की व्यवस्था करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम राजेश कुमार त्यागी ने शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यों की समीक्षा की। इसमें पंचायतों में बनाए जा रहे पीडीएस की दुकान, अमृतसरोवर, नई गोशालाओं का निर्माण, खेल स्टेडियम सहित विभिन्न कार्यों के संबंध में प्रगति की समीक्षा करते हुए जानकारी की। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों से कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी हासिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि नई गोशाला का निर्माण प्राथमिकता के साथ कराएं। अभियान चला कर छुट्टा पशुओं को संरक्षित करें। प्रत्येक गोशाला में पशुओं के रखने की क्षमता 1000 अवश्य होनी चाहिए। अमृतसरोवर, खेल मैदान, पीडीएस की दुकानों के निर्माण में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए। सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, खंड विकास अधिकारी गजरौला, अपर उप जिलाधिकारी विकास मित्तल रहे।

## सार संक्षेप



ट्रांसफार्मर बदलवाने को प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### फुंके ट्रांसफार्मर बदलवाने को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव खड़गरानी ऊर्फ रानीवाला के ग्रामीणों ने बुधवार को ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक महीने से ट्रांसफार्मर जला हुआ है, लेकिन समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से लोग अंधेरे में रात गुजारने को विवश हैं। पानी की समस्या से भी दो चार होना पड़ रहा है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने के 24 से 72 घंटे में फुंके हुए ट्रांसफार्मर बदल दिए जाते हैं। लेकिन ग्रामीणों की शिकायत का अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं। चेतावनी दी कि ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो ब्लाक परिसर का घेराव करेंगे। प्रदर्शन करने वाले में डा. डोरीलाल, मानसिंह, ललित कुमार, रामजीवन, यसवीर, जितेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, जयप्रकाश, रूपचंद, दानसाय आदि शामिल रहे।

### सड़कों पर दौड़ रहे अवैध खनन लदे वाहन



मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली।

**गजरौला, अमृत विचार :** अवैध खनन से जुड़े वीडियो रोजाना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भी पुलिस इस पर रोक नहीं लगा पा रही है। इससे खनन माफिया का हौसला बुलंद है। अब तो दिन में भी अवैध खनन किया जा रहा है। बुधवार को अवैध खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें ट्रैक्टर-ट्राली सलेमपुर गोसाई मार्ग पर जाती नजर आ रही है। पहले रात में खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर दौड़ती थी। अब दिन में ही खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर दौड़ रही है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।



डॉ. इस्माइल सैफी का स्वागत करते धनौरा महोत्सव के कार्यकर्ता।

### रूकमणि और आर्यन्स के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** धनौरा महोत्सव मे बुधवार को सेमी फाइनल मैच नागपाल क्रिकेट एकेडमी व रूकमणि मुरादाबाद के बीच खेला गया। इसमें रूकमणि मुरादाबाद की टीम जीत गई। मुख्य अतिथि डॉ. इस्माइल सैफी व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुरेश नागर ने दोनों टीमों के बीच टॉस उछालकर मैच का शुभारम्भ किया। नागपाल क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए रूकमणि मुरादाबाद के खिलाफ 87 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूकमणि मुरादाबाद की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर सात ओवर में ही लक्ष्य पुरा कर लिया और फाइनल मैच में जगह बना ली। मुरादबाद की ओर से आर्यन चौधरी ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। मुरादाबाद की ओर से मिर्जा को पांच विकेट लेने पर मैन ऑफ दा मैच का पुरुस्कार दिया गया। बता दें कि अब फाइनल मैच का मुकाबला आर्यंस क्रिकेट एकेडमी और रूकमणि मुरादाबाद के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुरेश नागर, डॉ. इस्माईल सैफी, धनौरा महोत्सव के अध्यक्ष डॉ. आदित्य चौहान, नरेन्द्र कटारिया, गितेश अग्रवाल, सार्थक गर्ग, विकास शर्मा, लक्की चौधरी, दीपू देवल, योगेश प्रजापति, धीरज त्यागी आदि मौजूद रहे।



घटना के बाद गंगा किनारे जुटी भीड़। ● अमृत विचार

### गंगा में नाव पलटने से दंपति डूबा, तलाशी शुरू

**रहरा, अमृत विचार :** गांव नानई में नाव पर सवार होकर खेत पर जा रहे पति-पत्नी नाव पलटने से गंगा में डूब गए। काफी देर तक उनकी तलाश की गई लेकिन पता नहीं लग सका। गोताखोर एवं एसडीआरएफ पति-पत्नी की तलाश में लगे हैं। थाना रहरा क्षेत्र के गांव नानई निवासी शमसू पुत्र अफलातून अपनी पत्नी फूलजहां के साथ खाद लेकर अपनी नाव में सवार होकर गंगा पार खेत में खाद बिखेरने जा रहे थे। बीच गंगा में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में डूब गई। आसपास के ग्रामीणों शोर मचाया। मगर तब तक नाव गंगा में डूब चुकी थी। पति-पत्नी गंगा के जल में समा चुके थे। सूचना पर थाना अध्यक्ष संदीप चौधरी, जललोपुर चौकी इंचार्ज पुष्पेंद्र राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे पति-पत्नी एवं नाव को तलाश किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नाव तो मिल गई, लेकिन पति-पत्नी लापता है। उनकी तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों के साथ ही एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ को भी बुलाया गया है।

# किसानों ने उठाया छुट्टा पशुओं का मुद्दा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत में किसानों ने एक बार फिर छुट्टा पशुओं का मुद्दा उठाया। कहा कि इन पशुओं के कारण रात-दिन खेत पर रहकर फसलों की रखवाली की जा रही है। इनके हमले में कई किसान घायल हो गए हैं। कई की मौत भी हो चुकी है। इन्हें जल्द से जल्द पकड़वाया जाए।

बुधवार को तहसील की ग्राम पंचायत ढकिया खादर निवासी दयाराम सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन अंबावता की मासिक पंचायत हुई। इसमें युवा जिलाध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने कहा कि विद्युत विभाग कभी चेकिंग तो कभी बिल सही करने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। इसे तुरंत रोका जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम ढकिया



भाकियू अंबावता की पंचायत में बोलते युवा जिलाध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी। ● अमृत विचार

खादर के मुख्य मार्ग पर जलभराव के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इसे जल्द से जल्द सही कराया जाए। पंचायत की अध्यक्षता छत्रपाल सिंह तथा संचालन युवा जिलाध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने किया। पंचायत में चौधरी दिमाग सिंह, प्रवीण कुमार, सतपाल सिंह, अरुण पवार, दयाराम, जफर रजा, रामपाल, जितेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।

## मुख्य मार्ग पर जलभराव से आवागमन में परेशानी

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के दढ़ियाल चौराहे पर जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मुख्य संपर्क मार्ग के पास पानी की निकासी का इंतजाम न होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रह रहा है। इससे पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है। इसके चलते छात्रों व अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

आए दिन भी लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि बुधवार की शाम भी तीन राहगीर फिसल कर कीचड़ में गिर गए। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सोमपाल सिंह ने बताया कि कीचड़ भरे रास्ते से दिन में तो लोग किसी तरह निकल जाते हैं, लेकिन रात में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों व अन्य से गुहार लगाई जा चुकी है। कहा कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है।



अमरोहा विकास खंड परिसर में ग्राम रोजगार सेवक संघ के पदाधिकारी।

# कुबेर सैनी फिर बने उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में विकास खण्ड अमरोहा के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सर्वसम्मति से कुबेर सिंह सैनी को आगामी दो वर्ष के लिए फिर ग्राम रोजगार सेवक संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में सभी विकास खण्डों से आये रोजगार सेवकों ने फूल माला पहनाकार नव मनोनीत जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। मुमताज अली को जिला कोषाध्यक्ष व मनोज कुमार चौधरी को जिला महामंत्री मनोनित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह इस जिम्मेदारी को निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। इस अवसर पर विजेंद्र राणा, भारत कश्यप, मोहित त्यागी, पुसराम सिंह आदि रहे।



पुलिस सभागार में गोष्ठी करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

# मुख्य चौराहों पर लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे : एसपी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** एसपी ने चौकी व हल्का प्रभारी तथा अन्य विवेचकों के साथ गोष्ठी की। लम्बित विवेचना, शिकायती प्रार्थनापत्रों, कन्ट्रोल रूम की समीक्षा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

बुधवार को पुलिस कार्यालय में एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने गोष्ठी की। इस दौरान लम्बित विवेचना, शिकायती प्रार्थनापत्रों, निरोधात्मक कार्य, दैनिक कार्यों व गिरफ्तारी को शेष वांछित अपराधियों की समीक्षा की।

कहा कि फरियादियों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। एसपी ने चौकी प्रभारी के कार्यालय में सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम की स्थिति की समीक्षा की। कहा कि सभी तिराहों, चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

## अयोध्या दर्शन को नहीं ले जाने पर किया हंगामा

**डिडौली, अमृत विचार :** अयोध्या धाम जाने को लेकर लोगों ने पैसे लेकर बस में जगह नहीं दिलाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने सभी के पैसे वापस कराए।

श्री राममला के दर्शन के लिए जिले से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बसों को अयोध्या भेजा गया है। जोया मण्डल को पांच बस मिली थीं। एक बस का संयोजक डिडौली थाना क्षेत्र के गांव इकोदा निवासी मण्डल महामंत्री अमित गुप्ता को बनाया गया था। आरोप है कि अमित गुप्ता ने मोहल्ला चौधरियान निवासी सत्यप्रकाश गुप्ता, मिनाक्षी, सरला अग्रवाल, मनु अग्रवाल, सुनीता गुप्ता अनिकेत गुप्ता समेत करीब 60 लोगों से 250 रुपए के हिसाब से 1500 हजार रुपए व आधार कार्ड मण्डल अध्यक्ष विजयवीर सिंह के पास जमा कराए थे। जोया के कुछ लोगों को बस में बैठाने के लिए तोफपुर बुलाया गया था। लेकिन लोगों के पहुंचने से पहले ही बस की सीटें फुल हो गईं।

# धनौरा के चेयरमैन भाजपा में शामिल

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां शुरू होते ही राजनीतिक दलों में उठापटक भी तेज हो गई है। बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा थाम लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

बता दें कि प्रवीण अग्रवाल ने 2023 में बसपा पार्टी से पालिकाध्यक्ष पद का पर्चा भरा था। भाजपा प्रत्याशी को लगभग 1200 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी और पालिकाध्यक्ष की सीट पर कब्जा जमा लिया था। अब उन्होंने बसपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया



लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह से मिलते प्रवीण अग्रवाल। ● अमृत विचार

है। चेयरमैन ने बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से प्रभावित हैं। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में नरेंद्र मोदी ही ऐसे नेता हैं जिनकी अगुवाई में देश तरक्की करेगा। मुझे भाजपा में शामिल होने से संतोष मिल रहा है। ऐसा लग रहा है कि मैं देश की तरक्की के लिए एक सिपाही बन गया हूं। मेरा संकल्प है कि मोदी जी के दिशा निर्देश पर राष्ट्र की उन्नति के लिए समर्पित रहूंगा।

**कार्यक्रम** विधवा, विकलांग व किसान पेंशन में गड़बड़ी खत्म करने की मांग

# किसानों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शंकर ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। कहा कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार है। प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, विधवा-विकलांग-किसान पेंशन समेत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ी को खत्म करने के लिए एसडीएम विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान चौधरी दिवाकर सिंह ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह।

सौंपा। इसमें कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार फैला है।

इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। सरकार की योजना में भी गड़बड़ी की जा रही है। सरकार ने उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दिया है। सरकार को अन्नदाता का कर्ज भी माफ करना चाहिए। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की जाए। प्रदेश में चलाई जा रही जल जीवन मिशन योजना में हो रहे भ्रष्टाचार की तत्काल जांच कराई जाए।

## कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**डिडौली, अमृत विचार :** महिला ने मोहल्ले के लोगों पर घर में घुसकर मारपीट व छेड़खानी करने तथा धमकी देने का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। तब उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया का है। एक मोहल्ला निवासी महिला ने मोहल्ले के ही मोहम्मद शफीक, तहजीब, फरमुद्दीन, मोहम्मद रफी, मकसूद और समाहिल पर आए दिन परेशान करने और घर में घुसकर मारपीट तथा छेड़खानी का आरोप लगाया था।

पीड़िता का कहना था कि 23 नवंबर 2023 को सुबह वह घर पर थी। तभी आरोपी घर में घुस आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और छेड़खानी की।




जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# यातायात के नियमों के प्रति लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** बुधवार को वाईएमएस डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और सेविकाओं ने रैली निकाल कर यातायात के नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

कार्यकम अधिकारी सोहन सिंह ने स्वयं सेवियों को हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, ड्राइविंग के समय नशा नहीं करने एवं यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि सड़क सुरक्षा उपायों के प्रयोग से हादसों को रोक सकते है। इसके लिए यातायात के नियमों का पालन और ज्ञान होना जरूरी है। स्वयं सेवियों ने बछरायूं मार्ग पर वाहनों को रोककर चालकों को यातायात के नियमों के बारे में बताया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एके सिंह, डॉ. मनु सिंह, डॉ. त्रेता देवी, सोनू कुमार, मयंक, सीमा शर्मा, सीमा परवीन, अभिषेक कुमार, नितिन कुमार, सुमित कुमार आदि रहे।

### वकीलों ने की पक्के चैंबर बनावने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार :** हसनपुर की तहसील बार एसोसिएशन ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बार अध्यक्ष गंगासरन खड़गवंशी, बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने नई तहसील में पक्के चैंबर बनवाएं आदि की मांग उठाई।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार व उसकी पत्नी आंचल को झगड़ा करने व गलत कृत्यों के कारण अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब इनसे मेरा व मेरी पत्नी श्रीमती मीना व बेटी स्वाती व शिवानी का कोई संबंध नहीं है। तथा उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी से लेन देन के स्वयं यह जिम्मेदार होंगे।
ओमप्रकाश पुत्र वदन सिंह नि0 पाठ वाली मिलक पाकबडा जिला मुरादाबाद।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175
8194049754
8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

## एक नजर

### निर्धन कन्या को उपहार भेंट किए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर की ओर से एक निर्धन कन्या को बीएस हॉस्पिटल में उपहार भेंट किए। ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना व कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी की ओर से उपहार भेंट किए गए और कन्या के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, नंदिनी आदि रहीं।

### 25 हजार का इनामी दबोचा गया

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी, गैंगस्टर एक्ट के आरोपी वांछित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है।सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा के मुगल गार्डन निवासी मोहम्मद साहिल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

# पालिकाध्यक्ष पति संग हुईं भाजपाई

## लखनऊ में दो उपमुख्यमंत्रियों व प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पति के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बुधवार को लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की उपस्थित में सदस्यता ग्रहण की है।

नगर के समाज सेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी की पत्नी लता वार्ष्णेय ने 2023 में पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव 13 हजार से अधिक वोटों से जीतने के साथ ही राजनीति में कदम रखा। नगर निकाय चुनाव में यहां महिला आरक्षित सीट थी।

लता वार्ष्णेय के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने पत्नी के लिए भाजपा से टिकट की मांग की थी लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद लता वार्ष्णेय ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 13892 वोटों से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहीं। लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों से वह काफी प्रभावित हैं। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। वह भाजपा पदाधिकारियों के निर्देश पर कार्य कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगी। भाजपा में शामिल होने पर उनके समर्थकों व भाजपाइयों में खुशी की लहर है।



लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण करतीं पालिकाध्यक्ष लता व उनके पति अखिलेश। ● अमृत विचार

▶▶ **2023 में भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं लता वार्ष्णेय, भाजपा प्रत्याशी रहीं थी तीसरे स्थान पर**

### वेतन वृद्धि के लिए डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचारः** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश से जुड़े पदाधिकारी ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रुकी हुई वेतन वृद्धि शिक्षकों बहाल किए जाने की मांग उठाई।

जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे शिक्षकों ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं का बौद्धिक मूल्यांकन किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम आने के बाद जिले के बहुत विद्यालय लाल श्रेणी के तहत आए थे। हालांकि उसके बाद विभाग की ओर से एक चेतावनी देते हुए 252 विद्यालयों के प्रधानाचार्य और सहायक अध्यापकों की अस्थाई वेतन वृद्धि बहाल कर दी थी। लेकिन अभी तक ऐसे 22 विद्यालय बचे हुए जिनमें शिक्षकों की वेतन वृद्धि बहाल नहीं की गई है। इस दौरान उधम सिंह, पुष्पेंद्र तोमर, विजय राठी, पंकज राठी, बिल्लू सिंह, रविंद्र सिंह, राहुल वार्ष्णेय, हितेश कुमार शर्मा, ओमवीर, सुशील आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



दुबई थीम कार्निवल मेले का उद्घाटन करते राज्यमंत्री के पति रामपाल सिंह।

### समारोह पूर्वक दुबई थीम कार्निवल मेले का आगाज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर के सीता आश्रम स्थित पं. हनुमान सिंह ग्राउंड में बुधवार को 30 दिवसीय दुबई थीम कार्निवल मेले की शानदार शुरूआत हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने फीता काट कर मेले का आरंभ किया। पहले दिन मेले में भारी भीड़ उमड़ी। श्री साईं सर्विसेज की ओर से मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में दुबई जैसा नजारा देखने को मिलेगा। मेले में कपड़े, खिलौने, आर्टवर्क, ऊंट की सवारी, फूड स्टाल समेत बुर्ज खलीफा व गगनचुम्बी झूले आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम, स्टेज शो, फ्री प्रतियोगिताएं आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर मेला संचालक सुमित गुप्ता, मोहम्मद याशीन, पवन गुप्ता, अनुज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने ब्लॉक बनियाखेड़ा मुख्यालय में खण्ड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंप कर समस्या समाधान की मांग की। समाधान नहीं होने पर 12 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी तमाम महिला व पुरुष किसानों के साथ बुधवार की दोपहर 12 बजे ब्लॉक बनियाखेड़ा पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। साथ ही बीडीओ की गैरमौजूदगी में एडीओ पंचायत नीरज कुमार कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि छुट्टा गाय व सांड जो झुण्ड के रुप में खेतों पर पहुंच कर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। जिससे किसान को भारी नुकसान हो रहा है। इन छुट्टा पशुओं को गोशाला में बंद किया जाए। छोटे-छोटे गांव में गोशालाओं का निर्माण कराया जाए। छुट्टा पशुओं के द्वारा बर्बाद फसलों का क्षतिपूर्ति मुआवजा किसानों को दिलाया जाए। फसल बर्बाद होने से किसानों के सभी कर्ज माफ करने को शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। छुट्टा गोवंश के हमले में घायल किसानों को उपचार व आर्थिक सहायता देने की योजना बनायी जाए। कहा कि 11 फरवरी तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 12 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर भारी संख्या में किसान एकत्र होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान राहुल कश्यप, शैलभ शर्मा, संजीव राघव, महेंद्र कुमार, नितिन, सत्यप्रकाश, ओमकार सिंह, सत्यप्रकाश, मुकेश चंद्र शर्मा, सत्यम राघव, सुरजीत राघव, ओमपाल, वीना देवी, विनीता देवी, माया देवी आदि रहे।



एनकेबीएमजी कॉलेज से जागरुकता रैली निकालतीं स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

# रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** एनकेबीएमजी कॉलेज में बुधवार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश देने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने झंडी दिखाकर किया।

छात्राओं ने लोगों को बताया कि वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग चालक एवं पीछे बैठने वाले दोनों को करना चाहिए और कार आदि चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। ताकि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन को भी बचाया जा सके। प्राचार्या द्वारा छात्राओं को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए एवं तेज गति से वाहन चलाने से बचना चाहिए। छात्राओं ने रैली के माध्यम से जनमानस को जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ, सीट बेल्ट का प्रयोग है जरूरी आदि नारे लगाए। रैली मालवीय चौक से होते हुए महाविद्यालय पहुंच कर संपन्न हुई। रैली को सफल बनाने में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत, डॉ. प्रियंका का सहयोग रहा।

# जीसीसी टीम को 10 विकेट से हरा कर ब्लैक पैंथर पहुंची फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर के कैथल गांव स्थित मैदान में आयोजित सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को हुए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में ब्लैक पैंथर ने 10 विकेट से जीसीसी की टीम को हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी सिद्धार्थ मैन ऑफ द मैच रहे। गुरुवार को ब्लैक पैंथर और इज्जतनगर बरेली की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा।

दूसरे सेमीफाइनल में जीसीसी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए टीम को मैदान में उतारा। बल्लेबाजी करते हुए जीसीसी 54 रन पर ढेर हो गई। जीसीसी की ओर से अनुज शर्मा ने सर्वाधिक 22 रन और मोहित पंजाबी 20 रन की पारी खेली। ब्लैक पैंथर की ओर से गेंदबाज सिद्धार्थ गुप्ता ने 6 विकेट झटके।

जवाब में ब्लैक पैंथर ने 3 ओवर में 55 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। ब्लैक पैंथर्स की ओर से रोबिन ने 30 और अनमोल ने 26 रन बनाए।

इस प्रकार ब्लैक पैंथर ने 10 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ गुप्ता रहे। अंपायरिंग जितेंद्र लारा व राम ने की। इस दौरान अंशुल टनाटन, राहुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मोनिका टनाटन, माधव, विराट, राम, राहुल, सुजल मौजूद रहे।



सिद्धार्थ गुप्ता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

▶▶ **विजेता टीम के खिलाड़ी सिद्धार्थ गुप्ता मैन ऑफ द मैच रहे**

▶▶ **गुरुवार को ब्लैक पैंथर व इज्जतनगर बरेली के बीच होगा फाइनल**



कस्बा नरौली के गांव खेड़ा खास में धर्म रक्षा निधि पत्र बांटते विहिप कार्यकर्ता।

### जनसंपर्क अभियान चला कर धर्म रक्षा निधि पत्रक बांटे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड नरौली के खंड खेड़ा खास में मेरठ प्रांत धर्म रक्षा निधि के लिए बुधवार को घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें पदाधिकारियों ने लोगों को विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और उपलब्धियां की जानकारी देते हुए पत्रक बांटे। नगराध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीमाली ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए अन्य टोलियों का भी गठन किया गया है। जो लोगों से जनसंपर्क कर संगठन की विचारधारा का प्रचार प्रचार करेंगी। धर्म रक्षा निधि से किसी हिंदू बहन बेटी की रक्षा हो सकेगी, बेरोजगार हिंदू युवाओं को रोजगार का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। गो रक्षा और गो सेवा होगी। किसी सेवा बस्ती में संस्कारशाला आरंभ होगी। धर्मांतरण रोकने में मदद मिलेगी। हिंदू समाज की सेवा सुरक्षा संस्कार के लिए प्रयत्नशील हिंदू युवाओं को संबल मिलेगा। इस दौरान अमित कश्यप, दीपक कश्यप, मुकुल शर्मा, विशाल शर्मा, विपुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का किया आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचारः** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में डॉ. मनीषा अग्रवाल एवं डॉ. इमराना प्रभारी रोवर्स रेंजर्स के संयोजन में बुधवार को तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहित कुमार, मीनू राघव् (गाइड) व प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

तदोपरांत ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात अतिथियों को बैज लगा कर सम्मानित किया।

जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार व मीनू राघव ने छात्राओ को रेंजर्स के इतिहास, झण्डा गीत, प्रार्थना, वर्दी, नियम, प्रतिज्ञा, आयु वर्ग के अनुसार वर्गीकरण, सेल्युट, बायां हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की तालियां, प्राथमिक चिकित्सा तथा टोली आदि की जानकारी दी।

# बच्चों के स्वास्थ्य व दांतों की जांच कर सुझाव दिए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से बुधवार को मोहल्ला खातियान स्थित सरोजनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के दांतों व स्वास्थ्य की जांच की गई।

मुख्य अतिथि सभासद तरुण कुमार नीरज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। समिति प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि जब तन स्वस्थ्य होगा तभी पढ़ाई में मन लगेगा। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चों के दांतों का परीक्षण करके दवा दी। सुबह शाम पेस्ट करने के साथ ही मीठा एवं खाना खाने के बाद कुल्ला करने की सलाह दी। प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि बच्चे स्वस्थ होंगे तो विद्यालय की उपस्थिति भी शत प्रतिशत होगी। जिससे नियमित रूप से अध्ययन अध्यापन कार्य संचालित हो सकेगा। शिविर में सीएचसी की टीम में फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार, एलटी शमीम अहमद, सुरेंद्र सिंह ने 40 बच्चों का ब्लड ग्रुप एवं 30 बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया। साथ ही 40 बच्चों के दांतों की जांच की। इस दौरान प्रधानाध्यपक अभिषेक गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, मुनीश वार्ष्णेय, आयुषी गुप्ता, वीनू शर्मा, प्रदीप वार्ष्णेय, राजेश पाल आदि का सहयोग रहा।




स्वास्थ्य शिविर में बच्चों के दातों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

▶▶ **40 बच्चों का ब्लड ग्रुप एवं 30 बच्चों का शिविर में हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया**

# छापेमारी से सदमे में आए ईंट भट्ठा संचालक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ **भट्ठा संचालक के बेटे ने तहसील की टीम पर आरोप लगाया, दी तहरीर**

▶▶ **आरोप है कि तहसीलदार ने आते ही गाली-गलौज कर भट्ठे की कुर्की करने की बात कही**

**अमृत विचारः** ईंट भट्ठा संचालक के पुत्र ने तहसील प्रशासन पर जबरन भट्ठे पर आकर पिता के साथ अभद्रता करने व भट्ठे की कुर्की करने का आरोप लगाया है। घटना से सदमे में आए भट्ठा संचालक की मौत हो गई। घटना की तहरीर थाना कुढ़फतेहगढ़ में दी गई है।



थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र नेमचंद्र ने दी तहरीर में कहा है कि उनका ईंट भट्ठा है। सोमवार को तहसील से तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने साथ पुलिस लेकर पहुंचे। आरोप है कि तहसीलदार ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी तथा भट्ठे की कुर्की करने की बात कही। जब कुर्की का आदेश दिखाने की बात कही तो अधिकारी नाराज हो गए। आरोप है कि भट्ठा संचालक के साथ मारपीट करने का प्रयास किया और जीप से भट्ठे पर खड़ा ट्रैक्टर खींच कर ले गए।

इस घटना से क्षुब्ध होकर भट्ठा संचालक गुमसुम व बेहोश हो गए और अवसाद में चले गए। सोमवार को चिकित्सक से उपचार कराया। बुधवार की सुबह 11 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की तहरीर मृतक के पुत्र ने थाने में देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

### मांगों को लेकर बीसी सखियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**बहजोई, अमृत विचार :** विशिष्ट करसपोर्डेंट महिला उत्थान समिति से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। विशिष्ट करसपोर्डेंट महिला उत्थान समिति से जुड़ी बीसी सखी कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जहां उन्होंने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार को सौंपकर कहा कि सरकार के द्वारा 75000 सपोर्ट फंड दिया गया था उसे पूरी तरह से माफ किया जाए। क्योंकि बीसी सखियों की इतनी आमदनी नहीं होती जो इस कर्ज की भरपाई कर सकें। उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ाकर स्थाई किया जाए। डिवाइस वापस कर इस पैसे से लैपटॉप दिया जाए। इस दौरान तब्बू, निशा, नीतू, कंचन सिंह, पिंकी, अर्चना, सर्वेश, सुमन, सुशीला, निर्दोष, संगीता, मीरा देवी, सुनीता देवी, रीना कुमारी, रानी देवी, नीलम यादव, चंद्रकली, मंजू कुमारी, पूनम, राधा रानी सहित आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बनाई रणनीति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीकरी गेट स्थित विधानसभा सह संयोजक सुशील कुमार सीडीओ के आवास पर बुधवार को बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता को पटका और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक आ रहा है और हम सभी को मिलकर संभल सीट भाजपा की झोली में डालनी है। उसके लिए बूथ पर कार्य कर रही बूथ समिति और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करके चुनाव की रूपरेखा बनाएं। घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर किया जाए। संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया। इस अवसर पर मेवाराम, सुशील कुमार सीडीओ, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, निशान्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।



मदरसे में आयोजित उर्स में कलाम पेश करते मौलाना। ● अमृत विचार

# नबी के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर के जारई गेट मिल परिसर में बने मदरसा गौसुल आलम में आयोजित उर्स के दूसरे दिन हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अल्हेह की कुल शरीफ का प्रोग्राम हुआ। जिसमें ख्वाजा साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि ख्वाजा साहब ने नबी के बताए हुए तरीके पर चलकर अपनी पूरी जिंदगी गुजार दी। जिसकी वजह से आज पूरे आलम में लाखों करोड़ों उनके मुरीद हैं। मुसलमान को अपनी जिंदगी में नबी का तरीका और अल्लाह का हुकुम मानना चाहिए। जिससे जिंदगी खुश गवार गुजरे। कुल शरीफ में दुआ कराई गई। जिसमें देश में अमनो अमन कायम रहे तथा मुल्क और कौम तरक्की करे। इस मौके पर हाफिज मतीन अशरफी, शाह आलम मंसूरी, अशफाक भारती, नजर मोहम्मद, अब्दुल सलाम, हाफिज मोहम्मद अहमद, सूफी अबरार, तौफीक अशरफ, तुफैल अशरफी, हाफिज असजद आदि तमाम मुरीद शामिल रहे।

**दिक्कत** लीकेज के चलते जल निगम की पाइप लाइन में नहीं पहुंच रहा पानी

# टोटियों में आ रहा दूषित पानी, नागरिक परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▶▶ **कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है**

▶▶ **जलनिगम ने अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइल लाइन बिछाई गई थी**

**अमृत विचार :** जलनिगम की पेयजल पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिन स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, वह दूषित होने से लोग उसका इस्तेमाल में नहीं कर रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है।

शहर में नगर पालिका परिषद की वर्षों पुरानी पेयजल पाइप लाइन बिछी है। लेकिन उसमें प्रेशर नहीं आने से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद जलनिगम ने अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइल लाइन बिछाई गई थी। चार साल में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद जलनिगम ने इस पाइप लाइन को नगर पालिका के नियंत्रण में दे दिया। इस पाइप लाइन से घर-घर पेयजल पहुंचने लगा। मगर शहर के खुर्जा गेट, गोपाल मोहल्ला, ब्रह्म बाजार क्षेत्र में कुछ स्थानों पर टोटियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जबकि नगर पालिका की पुरानी पाइप लाइन भी बंद पड़ी है। जिन स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, वहां दूषित होने से लोग उसे प्रयोग में नहीं ले रहे हैं।

मोहल्ला मोती समेत कई मोहल्लों में लीकेज के कारण टोटियों में दूषित पानी पहुंच रहा है। जिससे लोगों को आसपास लगे हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है।



“ वार्ड 17 बड़ा महादेव में कई दिनों से जलनिगम की पाइप लाइन में दूषित पानी आने की शिकायत मिल रही है। शिकायत के निस्तारण को नगर पालिका के अधिकारियों से कहा गया है।

**-तरुण कुमार नीरज,** सभासद



“ वार्ड 9 खुर्जा गेट में जलनिगम की पाइप लाइन में कुछ स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, तो कुछ में दूषित पानी आ रहा है। जबकि नगर पालिका की पुरानी पाइप लाइन का यही हाल है। समस्या की शिकायत की गई है।

**-नवकांत शर्मा,** सभासद



“ शहर में अधिकांश लोग जलनिगम की पेयजल पाइप लाइन पर निर्भर हैं। क्योंकि उनके घर हैंडपंप नहीं लगे हैं। जब पाइप लाइन में पानी नहीं आता है तो लोगों को हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है। खुर्जा गेट का भी यही हाल है।

**-रमेश साहनी,** खुर्जा गेट



“ पिछले कई दिनों से मोहल्ला खुर्जा गेट में पाइप लाइन में दूषित पानी आ रहा है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। सुबह को घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

**-कृष्णा शर्मा,** खुर्जा गेट



गुन्नौर के सराय मोहल्ले में सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### सड़क पर भरा गंदा पानी, संक्रामक रोगों की आशंका

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के वार्ड तीन के मुहल्ला सराय में नाली चोक होने से जल निकासी नहीं हो रही है और घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है। मुहल्ला सराय में सड़क पर गंदा पानी भरा है। लोगों को सड़क से निकलने में परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि सभासद और नगर पंचायत के अधिकारी से नाली की सफाई कराने की मांग की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से परेशानी है। वहीं संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी है। लोगों ने कहा कि नाली की सफाई नहीं होने से हालात नरकीय बने हैं। गंदा पानी घरों में भी घुस जाता है। लोगों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान राकेश, जयप्रकाश, उमेश, दिनेश, विजयपाल और कुसुमा देवी आदि रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से युवक की मौत

## नगीना-बढ़ापुर मार्ग पर काजीवाला गांव के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को रौंदा

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार :** ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली समेत फरार हो गया।

नगीना-बढ़ापुर मार्ग स्थित थाना क्षेत्र के ग्राम चमरावाला निवासी राहुल तथा रविंद्र उर्फ आर्यन बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे शहर से अपने गांव जा रहे थे। ग्राम काजीवाला में गन्ना सेंटर के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

इसके बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस के जरिए गंभीर रूप से घायल राहुल (22) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल रविंद्र उर्फ आर्यन (28) को भी सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रविंद्र को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। सूचना पाकर राहुल के परिजन भी रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए।


घटना के बाद बिलखते मृतक के परिजन।

- घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्राली लेकर चालक फरार
- कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटी चालक समेत दो लोग घायल


हाईवे पर सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

उधर नगीना धामपुर फोरलेन एक्सप्रेस वे पर स्विफ्ट डिजायर कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। चालक सुधीर व उसमें सवार अनिल घायल हो गए।अनिल को बिजनौर रेफर कर दिया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम हसनअलीपुर निवासी सुधीर अपनी ई-रिक्शा में गांव नैजोवाली गांवड़ी निवासी अनिल के साथ गांव कालाखेड़ी से तंदूर लेकर जा रहा था। सेंट मैरी स्कूल के पास धामपुर की दिशा से तेज गति से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें ई-रिक्शा पलट कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल सुधीर व अनिल को सीएचसी लाया गया। डॉ. जुबैर ने बताया कि सुधीर के सिर में चोट लगी है। गंभीर रूप से घायल अनिल को बिजनौर रेफर कर दिया गया।

उधर सेंट मैरी स्कूल के सामने, ग्राम शेखपुरा निवासी जयप्रकाश की वैन से टक्कर हो गई। घायल को निजी एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी गई।

## दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में युवक की मौत

**किरतपुर, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल हुए पिता को ग्राम जंदरपुर गजरौला लेने जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



मंगलवार की देर शाम ग्राम मंडावली सैदु में मस्जिद के सामने दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार कृष्ण (25) निवासी रतनपुर मंडावर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक सवार दिव्यांशु (22) निवासी ग्राम छितावर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत जिला अस्पताल भेजा। हादसे की सूचना पर दिव्यांशु के परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार दोपहर दिव्यांशु का शव उसके गांव छितावर लाया गया।

## एक नजर


गन्ना की फसल में लगी आग।

### आग से जला आठ बीघा गन्ना, लाखों की क्षति

**हल्दौर, अमृत विचार :** आग लगने से किसान का करीब आठ बीघा गन्ना जल गया। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। नगर स्थित मोहल्ला खेड़ा निवासी हरपाल सिंह का खेत अम्हेडा रोड स्थित रेलवे लाइन के समीप है। बुधवार की दोपहर उनके खेत में आग लग गई। आग की चपेट में आकर करीब आठ बीघा गन्ना जल गया। मोहल्ले वासियों एवं राहगीरों ने आग बुझाने का प्रयास किया। किसान को लाखों रुपये की क्षति हुई है।

### सांड़ ने हमला कर युवक को किया घायल

**स्योहारा, अमृत विचार :** बुधवार को सड़क पर घूम रहे सांड ने घर के बाहर खड़े इरफान को सीगों में फंसाकर सड़क पर पटक दिया। गनीमत रही की वहां खड़े लोगों ने किसी तरह इरफान को बचा लिया। इस दौरान उसे काफी चोट लगीं। उसका इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। महिलाएं और बच्चे घर से निकलते हुए भी डर रहे हैं। लोगों छुट्टा गोवंश को गोशाला भेजने की मांग की है।

### ग्राम प्रधान पर ताना तमंचा, दी तहरीर

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव महमदपुर कामिल उर्फ नरगदी नवादा के ग्राम प्रधान पर कुछ लोगों ने गाली-गलौच करते हुए तमंचा तान दिया। ग्राम प्रधान ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। ग्राम पंचायत महमूदपुर कामिल उर्फ नरगदी नवादा के प्रधान अजहर अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह हल्का लेखपाल के साथ ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश करा रहे थे। तभी कुछ लोग आए और पैमाइश का विरोध करते हुए गाली गलौच करने लगे। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान पर तमंचा तान दिया। ग्राम प्रधान ने भाग कर जान बचाई।


शव मिलने के बाद जानकारी करते अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल।

# तालाब में मिला तीन दिन से लापता युवक का शव

संवाददाता, अफजलगढ़

**अमृत विचार :** गांव आसफाबाद चमन में बस स्टैंड के निकट सड़क किनारे गहरे तालाब में 28 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव आसफाबाद चमन निवासी जीवन उर्फ जोनी (25) के रूप में हुई।

बुधवार दोपहर बस स्टैंड के पास ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बाहर निकाला। ग्रामीणों ने उसकी शिनाख्त जीवन उर्फ जोनी के रूप में की। वह पेंटर था। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। तीन दिन पूर्व वह काम पर जाने को कहकर गया था। परिजन तभी उसकी तलाश कर रहे थे। एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व कोतवाल राजकुमार सरोज पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चों ने प्रस्तुति से समाज को दी नसीहत

संवाददाता्र नहटौर

**अमृत विचार :** मिस्बाहुल उलूम प्राइमरी स्कूल में आयोजित दूसरे वार्षिक समारोह जन्नत की चिड़िया में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से वाहवाही लूटी।

मदरसा मैदान में आयोजित समारोह में तालिबे इल्म ने बिसमिल्लह एक्ट वीआर मुस्लिम, जन्नत से कॉल, खुदा महशर में पूछेगा, नमाजी कहां है, अरबी कार्यक्रम, हम कदम हम नवा, चीनो अरब हमारा, हम बेटियां इस्लाम की, हम एक जिन्दा कौम हैं, खुदा तो वो है, अल्हमदुलिल्लह काबिले जिक्र हैं आदि कार्यक्रम पेश कर समाज के लिए खूबसूरत अंदाज में नसीहत की।

छात्र-छात्राओं ने तकरीर, नात-ए-नबी, नजम और हिफ्ज के छात्राओं ने नात, तकरीर, नजम, अस्माए हुस्ना अल्लाह के नाम प्रस्तुत किए। निजामत अली पब्लिक स्कूल दिल्ली के एमडी मौलाना मोहम्मद जुबैर अहमद कासमी ने की। कहा कि जरूरी नहीं कि आपके बच्चे बड़े स्कूल में पढ़कर ही कामयाब होंगे।


दुआ करते बच्चे। ● अमृत विचार

सबसे ज्यादा सिविल सर्विस में आने वाले छात्र, छात्राएं छोटे स्कूलों से आते है। सदारत हजरत मुफ्ती मौहम्मद रिफाकत अबू उमामा उस्तादे हदीस दारूल उलूम देवबन्द वक्फ ने करते हुए कहा कि दो बातें बहुत जरूरी हैं। वालिदेन को पांच वक्त नमाज की पाबन्दी, घरों में तिलावत और तालीम की पाबन्दी।

कार्यक्रम में कारी अकील अहमद कासमी, मौलाना मोहम्मद जीशान, कारी मोहम्मद वकार, मौलाना अब्दुल कादिर नदवी, मौलाना अरशी कासमी, मोहम्मद नौशाद दिल्ली, मोहम्मद गयासुद्दीन, मोहम्मद शहजाद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


गेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते एडीजी पीसी मीना। ● अमृत विचार

### एडीजी ने लोकसभा चुनाव को लेकर दिए निर्देश

**धामपुर, अमृत विचार :** गेस्ट हाउस धामपुर में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पीसी मीना के पहुंचने पर सलामी दी गई। अपर पुलिस महानिदेशक ने लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित गोष्ठी में दिशा-निर्देश दिए।अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना बुधवार को धामपुर पहुंचे। यहां गेस्ट हाउस में उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद गेस्ट हाउस में गोष्ठी की गई। इसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल आदि मौजूद रहे।

### उपजिलाधिकारी ने किया गोशाला का निरीक्षण

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी नगीना ने नगर पंचायत बढ़ापुर की गोशाला सहित क्षेत्र की अन्य गोशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारियों को छुट्आ गोवंश को गोशाला में रखने के निर्देश दिए।नवजात उपजिलाधिकारी नगीना अवनीश कुमार ने मोहल्ला ठाकुरान में बनी गोशाला का निरीक्षण किया। नगर पंचायत द्वारा यह गोशाला कांजीहाउस के लिये बनाई गई थी। परन्तु मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इसे गोशाला में तब्दील कर दिया गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि रास्ते में छुट्टा गोवंश दिखाई दिए। उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारी को नगर की सीमा के भीतर छुट्टा गोवंश को पकड़कर गोशाला में रखने और उनके खाने पीने का प्रबंध करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गांव जमालपुर ढिकली, दमीपुर, मिर्जाअलीपुर की गोशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक मदनपाल सिंह, नीरज कुमार, योगेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला घायल

**स्योहारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा केसौ में मंगलवार देर रात ट्रैक्टर ने सड़क पार करती महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया है। महिला को सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी सोनू ट्रैक्टर खेत से आ रहा था। इस दौरान उसने सड़क पार कर रही योगेंद्र सिंह की 40 वर्षीया पत्नी लक्ष्मी देवी को ट्रैक्टर से टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोग घायल लक्ष्मी को सामुदायिक केंद्र ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

### जिला सचिव बनने पर मुदित त्यागी का किया स्वागत

**नहटौर, अमृत विचार :** मुदित त्यागी को सपा का जिला सचिव बनाए जाने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने क्षेत्र के गांव बेगराजपुर निवासी मुदित त्यागी को पार्टी का जिला सचिव बनाया है। मुदित त्यागी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मुदित त्यागी ने पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया और पार्टी की नीतियों के बारे में ग्रामीणों को बताया। इस मौके पर राजपाल विश्वकर्मा, राजीव त्यागी, निपेंद्र डबास, नरेंद्र सैनी, रोहित जोशी, नौशाद प्रधान, हरिओम वाल्मीकि, मोहम्मद कामिल, दीपक त्यागी, योगेंद्र सिंह, अखलाक, देवदत्त शर्मा, अतुल त्यागी, अनिल, करन सिंह आदि मौजूद रहे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### गन्ना क्रय केंद्र से चुराए गए बाटों समेत तीन गिरफ्तार

**स्योहारा, अमृत विचार :** पुलिस पिछले दिनों तौल केंद्र से चोरी हुए बाट आदि के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की रात ठाकुरद्वारा मार्ग से सैफ निवासी फैजुल्लापुर, जावेद निवासी मुस्लिम चौधरियान व जमशेद को 50 किलो के आठ, 20 किलो के चार और 10 किलो का एक बाट, काती, चापड़ व चोरी का सामान लदे ऑटो के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बीते सप्ताह अवध शुगर मिल के जयरामपुर सेकेंड के गन्ना क्रय केंद्र से इन बाटों को चुराया था। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।


ब्लॉक परिसर में बैठक करते यूनियन के पदाधिकारी ● अमृत विचार

### किसानों ने की समस्याओं के समाधान की मांग

**किरतपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक की मासिक बैठक ब्लॉक परिसर में हुई। इसमें बीडीओ व एसडीओ को ज्ञापन के माध्यम से किसानों की समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह व संचालन हितेश चौधरी ने किया। ज्ञापन के माध्यम से बीडीओ सुनिल जायसवाल व एसडीओ आफताब आलम से छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवाने, जल मिशन द्वारा तोड़ी सड़कों को सही कराने, बिजली के खभों पर लगी लाइटों को सही कराने, ग्राम पंचायत फतेपुर राजाराम को गंदे पानी की समस्या से निजात दिलाने आदि की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, हितेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

### प्रेमी के साथ जेल गई पति की हत्यारोपी कमलेश

**धामपुर, अमृत विचार :** प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली महिला व उसके प्रेमी का पुलिस ने बुधवार को चालान कर दिया।थाना क्षेत्र के गांव मेघावाला निवासी महेंद्र सिंह की हत्या कर दी गई थी। उनका शव गांव बगदाद अंसार मार्ग स्थित कॉलेज के सेप्टिक टैंक में मिला था। इसमें पुलिस ने महेंद्र की पत्नी कमलेश देवी व उसके प्रेमी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने पुलिस को बताया कि महेंद्र उनके प्रेम-प्रसंग के बीच में आ रहा था। इसीलिए उसे रास्ते से हटा दिया गया। पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

### चोरी की शराब के साथ मुरादाबाद के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** शराब की दुकान काटकर चोर करीब दो लाख की शराब चुराकर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 24 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राधा रोड पर शराब की दुकान से चोर करीब दो लाख की शराब चुराकर ले गए थे। बुधवार को पुलिस ने निजाम शाबिर निवासी गुलाब बाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद, मुकेश पुत्र नवरतन लाल निवासी छोटी मंडी गुलाब बाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद को पनवड़िया तिराहे से पकड़ लिया। घटना प्रयुक्त किए गए टेंपो मिला है। आरोपी निजाम साबिर के खिलाफ मुरादाबाद के कई थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं।



# हाईवे पर वाहन में घुसी कार, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहजादनगर क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार रात कार आगे चल रह रहे अज्ञात वाहन में घुसने से महिला की मौत हो गई। हादसे में दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बालक की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। परिजन महिला का शव लेकर घर रवाना हो गए। जिला बरेली के हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव तिगरा से बहू के मायके वाले भी मुरादाबाद पहुंच गए हैं।



जिला मुरादाबाद में बसंत विहार क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी मीना अरोड़ा (52) ने अपने बेटे राहुल की शादी जिला बरेली में गांव तिगरा निवासी हरविन्दर की बेटी खुशी (22) से 28 जनवरी को की थी। मंगलवार सुबह मीना अरोड़ा अपने बेटे राहुल, बहू खुशी, बेटे के दोस्त अभिषेक और आठ साल के धेवते को लेकर बहू के मायके गई थीं। बुधवार रात 13 बजे वहां से लौटते समय नेशनल हाईवे पर एक होटल के सामने आगे चल रहे अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कार अज्ञात वाहन में घुस गई। जिससे मीना की मौत हो गई। जबकि कार सवार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने मीना को मृत घोषित कर दिया। मृतका के धेवते की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। खुशी और उसके पति राहुल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


जिला अस्पताल में भर्ती खुशी। ● अमृत विचार

- बरेली से आ रहे थे मुरादाबाद के रहने वाले लोग, शहजादनगर थाने के पास हुआ हादसा

> देर रात हाईवे पर बरेली से आ रही एक कार शहजादनगर थाने के निकट वाहन में पीछे से जा घुसी। इसके चलते कार में बैठी महिला की मौत हो गई जबकि, परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। - अमर सिंह राठौर, प्रभारी, थाना शहजादनगर

### अगली सीट पर नहीं बैठती मां तो बेटे की नहीं बचती जान

मां की मौत के बाद बेटे और उसके रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना था कि बरेली से आते समय राहुल का दोस्त अभिषेक कार चला रहा था, जबकि सास-बहू और उनका धेवता पीछे वाली सीट पर बैठा था। लेकिन मीना ने अपने बेटे से कहकर कार को रुकवा लिया। उसे पीछे बैठाकर खुद आगे वाली सीट पर बैठ गई। कुछ ही देर में कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में जाकर घुस गई। अगर मां आगे वाली सीट पर नहीं बैठती तो बेटे की जान जा सकती थी।

# प्रेमी से निकाह के बाद प्रेमिका फिर हुई पति के घर से फरार

संवाददाता,मसवासी

- मामले की तहरीर चौकी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार:** प्रेम प्रसंग के चलते हुए निकाह के बाद प्रेमिका पति के घर से भी फरार हो गई। इसके बाद जब मामले की सूचना लड़की के परिजनों को मिली तब लड़की के पिता ने ससुरालियों के साथ मारपीट की। दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर चौकी पुलिस को देखकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

नैनीताल निवासी लड़की के पिता की ओर से चौकी पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि दो महीने पूर्व उनकी बेटी मसवासी निवासी युवक के द्वारा पहले फैसला कर अपने झांसे में ले लिया गया था। जिस पर प्रेमिका प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ गई थी और चौकी पहुंच गई थी। जिसके बाद कुछ व्यक्तियों के द्वारा दोनों का निकाह कराए जाने की सहमति हो गई थी। दोनों का निकाह कर दिया गया था। लड़की के पिता ने आरोप लगाया है कि निकाह के बाद से ही लड़की के साथ प्रेमी के परिजनों और प्रेमी के द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट की जाती थी। जिसकी जानकारी लड़की ने एक दो बार फोन पर अपनी मां को भी दी थी। बुधवार को लड़के के पिता ने लड़की के पिता को फोन करके बताया कि उनकी लड़की ससुराल से फरार हो गई है। इसके बाद नैनीताल से मसवासी पहुंचे लड़की के परिजनों ने लड़की की काफी खोजबीन की,लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं लग सका। जिसके बाद लड़की के पिता की ओर से लड़की के साथ ससुरालियों के द्वारा मारपीट किए जाने और दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर चौकी पुलिस को देकर कार्रवाई की जाने की मांग की गई है।

# डंपर की चपेट में आकर किसान की गई जान

संवाददाता, आदमपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के चन्दनकोटा गांव में गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी डाल रहे डपंर की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर हंगामा किया।

गांव चन्दनकोटा निवासी दिनेश (40) शाम लगभग छह बजे गांव में ही बाइक में पेट्रोल डलवाने गया था। पेट्रोल डलवा कर लौटते समय पाड़ली गांव की ओर से गंगा एक्सप्रेस वे पर मिट्टी डालकर आ रहे डंपर की चपेट में आ गया। दिनेश के सिर के ऊपर से डंपर का पहिया उतरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

- गुस्साए ग्रामीणों ने अतिक्रमण को लेकर किया हंगामा

सूचना मिलने पर परिजनों के साथ ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। घटना के लिए डंपर चालक व सड़क पर किए गए अतिक्रमण को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर हंगामा किया।

ग्रामीणों की मांग है कि सड़क से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए। ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए ग्रामीणों को समझाने के प्रयास में जुटी थी। हादसे का शिकार हुआ दिनेश पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी कोई संतान नहीं थी। पत्नी सीमा देवी व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सांसद दानिश अली को जान से मारने की धमकी

**अमरोहा, अमृत विचार :** लोकसभा सांसद कुंवर दानिश अली को उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में किसी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी है।

सांसद ने बताया कि तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे किसी ने फोन किया। कॉलर ने पूछा कि क्या यह दानिश अली का कार्यालय है। इसके बाद कॉलर ने धमकी दी और गाली-गलौज भी की। पुलिस ने कहा कि हम नंबर की जांच कर रहे हैं। कहा कि इसी नंबर से अली के निजी नंबर पर भी फोन कॉल आई थी। मगर वह बैठक में थे। इसलिए फोन का जवाब नहीं दे सके। हालांकि सांसद ने लिखा कि मुझे आप कितना डराओगे। बीते दिन मेरे कार्यालय में एक कॉल आया था। मुझे डराने की कोशिश की गई और जान से मारने की धमकी दी। यह किस तरह की हताशा है।

# बंद मकान में मिला युवक का शव मां भी घायल, हत्या की आशंका

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** दो दिन से बंद पड़े मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। जबकि उसकी मां घायल थी। युवक शव के चारों तरफ खून पड़ा था। हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि मृतक की मां को अस्पताल में भर्ती कराया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला होली वाला का है। यहां पुराना डाकघर के पास एक मकान में प्रदीप रस्तोगी अपनी मां रामा देवी के साथ रहता था। दो दिन से मकान में कोई चहल-पहल नहीं हुई तो मोहल्ले वासियों ने बुधवार को पुलिस को सूचना दी। इस पर कस्बा इंचार्ज विकास कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मकान खोलकर देखा तो प्रदीप रस्तोगी का शव फर्श पर पड़ा था। जबकि उसकी मां घायल अवस्था में थी। शव मिलने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल रामा देवी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रदीप चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके एक भाई संजीव की भी मौत हो चुकी है। एक भाई धनौरा में रहता है तथा दूसरा रहरा बस स्टैंड पर स्कूल का संचालन करता है। इस मकान में मां-बेटा ही रहते थे। शव के पास मिले खून से हत्या की आशंका जताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया गया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।


घायल रामा देवी को अस्पताल ले जाती एम्बुलेंस। ● अमृत विचार

